इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 29]　　　भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 18 जुलाई 2014—आषाढ़ 27, शक 1936

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं. (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 जून 2014

क्र. ई.-5-805-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विनोद सिंह बघेल, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को दिनांक 23 जून 2014 से 11 जुलाई 2014 तक उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21, 22 जून 2014 एवं 12, 13 जुलाई 2014 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद सिंह बघेल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री विनोद सिंह बघेल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद सिंह बघेल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-883-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अनय द्विवेदी, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, टीकमगढ़ को दिनांक 16 जून से 11 जुलाई 2014 तक छब्बीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. (दिनांक 25 जून से 7 जुलाई 2014 तक की अवधि एक्स इंडिया अवकाश के रूप स्वीकृत) उक्त अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 जून एवं 12, 13 जुलाई 2014 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2014.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अनय द्विवेदी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, टीकमगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अनय द्विवेदी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अनय द्विवेदी, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-915-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) सुश्री नेहा मारव्या, आयएएस., अनुविभागीय अधिकारी, जबलपुर को दिनांक 17 फरवरी 2014 (एक दिन) का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में सुश्री नेहा मारव्या को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री नेहा मारव्या अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अन्टोनी डिसा, मुख्य सचिव.

उद्यनिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 जून 2014

क्र. एफ 5-4-2012-अट्ठावन.— राज्य शासन, मध्यप्रदेश फल पौध रोपणी (विनियमन) अधिनियम, 2010 की धारा 8(1) ख के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश फलन पौध रोपणी (विनियमन) अधिनियम 2010 के परिचालन हेतु स्थपित मध्यप्रदेश फल पौध रोपणी (विनियमन) नियम, 2011 के संदर्भ में पंजीकृत शासकीय/ निजी रोपणियों से विक्रय किये जाने वाले निम्नांकित फल-पौधों की वर्ष 2014-15 के लिए अधिकतम दर कॉलम क्र. (3) दर्शाये अनुसार घोषित करता है:—

क्र.	नाम फल-पौध	वर्ष 2014-15 में दर प्रति फल-पौध
(1)	(2)	(3)
1	आम कमली (सभी किस्में)	40
2	आम बीजू	10
3	अमरूद गूटी	20
4	अमरूद बडेड	25
5	अमरूद बीजू	10
6	नीबू गूटी	15
7	नीबू बीजू	12
8	मौसम्बी बडेड	30
9	संतरा बडेड	30
10	कटहल बीजू	12
11	सीताफल बीजू	12
12	अनार गूटी	20
13	अनार टिशूकल्चर	40
14	जामून बीजू	10
15	फालसा बीजू	10
16	शहतूत (रूटेट कटिंग)	10
17	आंवला बडेड	25
18	आंवला बीजू	10
19	चीकू (ग्राफटिंग)	40
20	बेर बडेड	25
21	करौंदा बीजू	7
22	पपीता पौध बीजू (सभी उन्नत किस्में)	10
23	पपीता संकर किस्में बीजू	20
24	केला कंद	10
25	केला टिशूकल्चर	20
26	लीची गूटी	40
27	आंगूर रूटेट कटिंग	15
28	नाशपाती बडेड	20

उपरोक्त दरें आगामी अधिसूचना जारी/प्रकाशित होने तक प्रभावशील रहेंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. आर. काटवाले, अवर सचिव.

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 जुलाई 2014

क्र. एफ 10-28-2010-तेईस-योआसां.— राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम, 1995 की धारा 4 की उपधारा 3(ग) में प्रदत्त अधिकारों के तहत नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट अशासकीय सदस्यों को कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट जिले की जिला योजना समिति में तत्काल प्रभाव से आगामी दो वर्ष की कालावधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया

जाता है:—

क्र.	अशासकीय सदस्यों के नाम	जिला योजना समिति
(1)	(2)	(3)
1	श्रीमती रेखा बिसेन	बालाघाट
2	श्री रामकिशोर कावरे	बालाघाट

क्र. एफ 10-28-2010-तेईस-योआसां.— राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम, 1995 की धारा 4 की उपधारा 3(ग) में प्रदत्त अधिकारों के तहत नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट अशासकीय सदस्यों को कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट जिले की जिला योजना समिति में तत्काल प्रभाव से आगामी दो वर्ष की कालावधि के लिए नाम निर्दिष्ट किया जाता है:—

क्र.	अशासकीय सदस्यों के नाम	जिला योजना समिति
(1)	(2)	(3)
1	श्री अनिल सिंह कुशवाह	बैतूल
2	श्री अल्केश आर्य	बैतूल

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. के. सिद्धार्थ, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2014

फा. क्र. 17(ई) 29-2014-1964-इक्कीस-ब (एक).—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का 49) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, नीचे दी गई सारणी के कालम (2) में विनिर्दिष्ट अपर सेशन न्यायाधीश को उसके (सारणी के) कॉलम (3) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिये मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित अपराधों तथा स्पेशल टास्क फोर्स, भोपाल द्वारा अन्वेषित मामलों का विचारण करने के लिए विशेष न्यायाधीश नियुक्त करता है :—

सारणी

अनुक्रमांक	न्यायाधीश का नाम	मुख्यालय का नाम
(1)	(2)	(3)
1.	श्री राम कुमार चौबे, नवम अपर सेशन न्यायाधीश, भोपाल.	भोपाल

F. No. 17(E) 29-2014-1964-XXI.-B-(1).—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, appoints the Additional Sessions Judge specified in Column (2) of the Table below to be special Judge for area specified in the Corresponding entry in column (3) thereof to try the cases relating to the offences in various examinations conducted by Madhya Pradesh Professional Examination Board and investigated by Special Task Force, Bhopal:—

TABLE

S. No.	Name of Judge	Head Quarter
(1)	(2)	(3)
1.	Shri Ram Kumar Choubey, IXth Additional Sessions Judge, Bhopal.	Bhopal

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. व्ही. सिरपुरकर, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 5 जुलाई 2014

फा. क्र. 1-1-2002-इक्कीस-ब-(एक).—राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर से प्राप्त अर्द्ध शासकीय पत्र क्र. 727-गोप-2014-दो-2-33-57, दिनांक 16 जून 2014 में की गई अनुशंसा को मान्य करते हुए, इस विभाग द्वारा जारी आदेश क्र. 1-1-2002-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 20 मार्च 2014 के स. क्र. 1 के अनुसार कु. प्रतिभा रत्नपारखी, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, नीमच में की गयी नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करता है.

फा. क्र. 1बी-15-2004-इक्कीस-ब-(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, श्री कृष्ण कुमार थापक पुत्र स्व. श्री आर. के. थापक, जिला होशंगाबाद को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला होशंगाबाद सत्र खण्ड के जिला होशंगाबाद राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक, नियुक्त करता है. यह नियुक्ति सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

फा. क्र. 1बी-15-2004-इक्कीस-ब-(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, श्री अजय प्रकाश पुत्र स्व. श्री प्रकाशनारायण श्रीवास्तव, जिला होशंगाबाद को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला होशंगाबाद सत्र खण्ड के जिला होशंगाबाद

राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, अति. शासकीय अभिभाषक/अति. लोक अभियोजक, नियुक्त करता है. यह नियुक्ति सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

फा. क्र. 1बी-15-2004-इक्कीस-ब-(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, सुश्री सफलता तिवारी पुत्री स्व. श्री गंगासागर वाजपेयी, जिला होशंगाबाद को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला होशंगाबाद सत्र खण्ड के जिला होशंगाबाद राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, अति. शासकीय अभिभाषक/अति.लोक अभियोजक, नियुक्त करता है. यह नियुक्ति सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेन्द्र कुमार वर्मा, सचिव.

भोपाल, दिनांक 27 जून 2014

फा. क्र. 17(ई) 550-2008-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग द्वारा जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 7 फरवरी 2008 द्वारा जिला इंदौर के लिये नियुक्त नोटरी, श्री कृष्णराव गडनीस, नोटरी, इंदौर का दिनांक 6 फरवरी 2014 को स्वर्गवास होने के फलस्वरूप, उनका नाम शासन द्वारा संधारित नोटरी पंजी से विलोपित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. पी. खेर, उपसचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

सूचना

भोपाल, दिनांक 5 जुलाई 2014

क्र. एफ. 3-90-2013-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-90-2013-बत्तीस, दिनांक 19 फरवरी 2014 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित पन्ना विकास योजना, 2011 में उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्र. (1)	विकास योजना में निर्दिष्ट प्रावधान की कण्डिका (2)	उपरान्तरण पश्चात प्रावधान की कण्डिका (3)
1	**4.84—सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक** सारणी-4-सा-4 सामुदायिक सेवा सुविधाओं के मापदण्ड	**4.84—सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक** सारणी-4-सा-4 सामुदायिक सुविधाओं के मापदण्ड पन्ना नगर हेतु सामुदायिक सुविधाओं के मापदण्ड म. प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 49(1) के अनुरूप मान्य होंगे.
2.	**4.9—असंगत भूमि उपयोग** सारणी—4—सा—5 सारणी-4—सा-5 के अनुक्रमांक 5 के कालम 5 में ''टाउनहाल/नाटयगृह'' के स्थान पर.	**4.9—असंगत भूमि उपयोग** सारणी—4—सा—5 सारणी-4—सा—5 के अनुक्रमांक 5 के कालम 5 में ''सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक''

(1)	(2)	(3)
3.	**सारणी 5—सा—1:—मार्गों की अभिसंशित चौड़ाई क्षेत्रीय मार्ग** 1. ''छतरपुर-सतना राजमार्ग क्र. 6—प्रस्तावित चौड़ाई—40 मीटर'' के स्थान पर. **''पन्नाः 5.1 प्रस्तावित परिभ्रमण संरचना मानचित्र में** छतरपुर—सतना राजमार्ग की वर्तमान चौड़ाई—40 मीटर'' के स्थान पर.	**सारणी 5—सा—1:—मार्गों की अभिसंशित चौड़ाई क्षेत्रीय मार्ग** 1. ''छतरपुर-सतना राजमार्ग क्र. 6—प्रस्तावित चौड़ाई—42 मीटर'' के स्थान पर. **''पन्नाः 5.1 प्रस्तावित परिभ्रमण संरचना मानचित्र में** छतरपुर—सतना राजमार्ग की प्रस्तावित चौड़ाई—42 मीटर''.
4.	**अध्याय-6 विकास नियमन** नगर के विकास के प्रस्तावित भूमि उपयोग की रूपरेखा अनुरूप व्यवस्थित करने हेतु विकास नियमन आवश्यक है. पन्ना नगर के वर्तमान एवं भावी स्वरूप को दृष्टिगत रखते हुये विकास योजना प्रस्तावों के अनुरूप विकास एवं नियंत्रण हेतु निम्न विकास नियमन प्रस्तावित किये गये है. अन्य मापदण्ड तथा नियमन जिनका उल्लेख इस विकास योजना में नहीं किया गया है वे मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 1984 एवं समय-समय पर शासन द्वारा इनमें किये गये संशोधन अनुरूप रहेंगे.	**अध्याय-6 विकास नियमन** नगर के विकास के प्रस्तावित भूमि उपयोग की रूपरेखा अनुरूप व्यवस्थित करने हेतु विकास नियमन आवश्यक है. पन्ना नगर के वर्तमान एवं भावी स्वरूप को दृष्टिगत रखते हुये विकास योजना प्रस्तावों के अनुरूप विकास एवं नियंत्रण हेतु निम्न विकास नियमन प्रस्तावित किये गये है. अन्य मापदण्ड तथा नियमन जिनका उल्लेख इस विकास योजना में नहीं किया गया है वे मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 1-6-2012 में निहित प्रावधानों के अनुरूप लागू होंगे.
5.	**6.3 परिभाषायें :—** **टीप.**—अन्य परिभाषायें म. प्र. भूमि विकास नियम 1984 में वर्णित है.	**6.3 परिभाषायें :—** **टीप.**—अन्य परिभाषायें म. प्र. भूमि विकास नियम 2012 में वर्णित है.
6.	**6.5 नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन** (6) निम्न श्रेणी आवास समूह के लिये विशेष तौर पर अभिन्यास, परिशिष्ट-एम (नियम 94) म. प्र. भूमि विकास नियम 1984 के प्रावधानुसार तैयार किया जावेगा.	**6.5 नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन** (6) अल्प आय तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु अभिन्यास म. प्र. भूमि विकास नियम 2012 के परिशिष्ट ''त्र'' (नियम 99) के निहित प्रावधानों के अनुरूप मान्य होंगे.
7.	**सारणी 6-सा-2 के नीचे की टीप** 3. सारणी के अनुक्रमांक 9 से 14 में दर्शाये गये भू-खण्ड आकार को केवल प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों में बहुइकाई भू-खण्डीय विकास के रूप में मान्य किया जा सकता है. ऐसे भू-खण्डों पर स्वीकार्य आवासीय इकाइयों की गणना भूमि विकास नियम 1984 के नियम 82 द्वारा अधिशासित होंगे.	**सारणी 6-सा-2 के नीचे की टीप** 2. सारणी के अनुक्रमांक 9 से 14 में दर्शाये गये भू-खण्ड आकार को केवल प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों में बहुइकाई भू-खण्डीय विकास के रूप में मान्य किया जा सकता है. ऐसे भू-खण्डों पर स्वीकार्य आवासीय इकाइयों की गणना नेशनल बिल्डिंग कोड के प्रावधानों अनुसार प्रति व्यक्ति 12.5 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र की आवश्यकता के मान से की जावेगी.
8.	भूतल के नीचे बेसमेंट स्वीकार्य होगा, जो कि अधिकतम स्वीकार्य भूतल आच्छादान के समतुल्य होगा एवं इसकी गणना फर्शी क्षेत्र अनुपात में नहीं की जावेगी.	भूतल के नीचे बेसमेंट म. प्र. भूमि विकास 2012 के नियम 76 तथा नियम 2(30) के प्रावधानों के अनुरूप स्वीकार्य होगा.
9.	निर्धारित फर्शी क्षेत्र अनुपात के अतिरिक्त 250 वर्ग मीटर से अधिक एवं 500 वर्गमीटर तक के भू-खण्डों में अधिकतम एक कर्मचारी आवास तथा 500 वर्गमीटर से अधिक के भू-खण्डों में दो कर्मचारी आवास स्वीकृति योग्य होंगे.	आवासीय प्रयोजन के भू-खण्ड पर निर्धारित एफ. ए. आर के अतिरिक्त कर्मचारी आवास निर्माण म. प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 61 की सारणी के टिप्पण (3) अनुरूप मान्य होगा.

(1)	(2)	(3)
12.	288 वर्गमीटर से अधिक के भू-खण्डों में स्वीकार्य निर्मित फर्शी क्षेत्र के प्रति 240 वर्गमीटर पर एक कार पार्किंग स्थल प्रावधित होना चाहिये.	12. भू-खण्डों पर एक कार प्रति 100 वर्गमीटर निर्मित फर्शी क्षेत्र की दर से, पार्किंग व्यवस्था करनी होगी.
8.	**सारणी -6-सा-3 के नीचे की टीप क्र. 2** वाणिज्यिक मार्गों पर अधिकतम फर्शी क्षेत्र अनुपात 2.0 तथा वाणिज्यिक-सह-आवासीय मार्गों पर 1.75 होगा. अन्य मापदण्ड भूमि विकास नियम 1984 के अनुरूप रहेंगे.	**सारणी -6-सा-3 के नीचे की टीप क्र. 2** वाणिज्यिक मार्गों पर अधिकतम फर्शी क्षेत्र अनुपात 2.0 तथा वाणिज्यिक-सह-आवासीय मार्गों पर 1.75 होगा. अन्य मापदण्ड मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के अनुरूप रहेंगे.
9.	**6.7 ईंधन भराव एवं भराव-सह-सेवा केन्द्र हेतु मानकः—** पेट्रोल-सह-सेवा केन्द्रों के लिये निम्न नियमन अनुशंसित है :— 1. मार्ग संगम से न्यूनतम दूरी (अ) 30 मी. से कम राईट आफ वे वाले छोटे मार्गों हेतु-150 मीटर. (ब) 30 मीटर अथवा इससे अधिक राइट ऑफ वे वाले मुख्य मार्गों हेतु-250 मीटर. 2. 30 मीटर कम राइट ऑफ वे मार्गों के मध्य से पेट्रोल पम्प के भवन की दूरी कम से कम 15 मीटर होना आवश्यक है. जबकि 30 मीटर या उससे अधिक राइट ऑफ वे वाले मार्गों को दशा में मार्ग का राइट आफ वे सुरक्षित रखा जावे. 3. **न्यूनतम भू-खण्ड आकार—** (अ) केवल ईंधन भराव केन्द्र 30×17 मीटर (ब) ईंधन भराव-सह-सेवा केन्द्र न्यूनतम आकार 36×30 मीटर एवं अधिकतम 45×33 मीटर. (स) भू-खण्ड का अग्रभाग 30 मीटर से कम नहीं होना चाहिये. (द) भू-खण्ड का लंबा भाग अग्र भाग नहीं होगा. 4. 18 मीटर से कम राइट ऑफ वे वाले मार्ग पर नये पेट्रोल पंप निषिद्ध होंगे. 5. राष्ट्रीय राजमार्ग/राजमार्ग पर चौराहे/तिराहे से दूरी-300 मीटर (न्यूनतम)	**6.7 ईंधन भराव एवं भराव-सह-सेवा केन्द्र हेतु मानक :—** ईंधन भराव एवं भराव-सह-सेवा केन्द्र म. प्र. भूमि विकास नियम 2012 नियम 53(3) (चार) के अनुरूप मान्य होंगे.
10	**6.8 छविगृह हेतु मापदण्ड :—** ° मार्ग की चौडाई-छविगृह का भू-खण्ड जिस मार्ग स्थित है, उसकी चौड़ाई 18 मीटर से कम नहीं होगी. ° आवश्यक क्षेत्र 2.3 वर्ग मीटर प्रति कुर्सी की दर से आवश्यक क्षेत्र की गणना की जायेगी. ° **भू-खण्ड का निर्मित क्षेत्र :**—भू-खण्ड के आकार का अधिकतम आच्छादित क्षेत्र 33 प्रतिशत स्वीकार्य होगा.	**6.8 छविगृह हेतु मापदण्ड :—** पन्ना नगर में छविगृह मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 नियम 53 (3) (दो) के प्रावधानों अनुरूप मान्य होंगे.

(1)	(2)	(3)
	खुलाक्षेत्र :—अग्र भाग 15 मीटर न्यूतमत आजू-बाजू 4.5/4.5 मीटर पार्श्व 4.5 मीटर **विराम स्थल** :—सीमांत खुला क्षेत्र के अतिरिक्त फर्शी क्षेत्र का 1.67 ई. सी. एस. प्रति 100 वर्ग मीटर अथवा ई. सी. एस. प्रति 150 कुर्सी के लिये, इनमें से जो भी कम हो.	
11	**6.9 प्रौद्योगिक विकास मानक:—** औद्योगिक क्षेत्र के अभिन्यास के मानक निम्नानुसार अनुशंसित है :— 1. भू-खण्ड का क्षेत्र अधिकतम 65 प्रतिशत 2. मार्गों, वाहन, विराम :—न्यूनतम 25 प्रतिशत एवं खुले क्षेत्र. 3. दुकानों एवं अन्य :— न्यूनतम 10 प्रतिशत सेवा-सुविधायें हेतु. औद्योगिक विकास हेतु म. प्र. भूमि विकास नियम 1984 के नियम 48(1)(2) के अनुसार भी आवश्यकता पड़ने पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्णय लिया जा सकेगा. **''पन्ना : औद्योगिक क्षेत्र हेतु विकास नियमन** सारणी 6 सा 4'' के समस्त प्रावधान	**6.9 औद्योगिक क्षेत्रों के विकास मानक:—** औद्योगिक क्षेत्र के मानक म. प्र. भू-विकास नियम 2012 के नियम 48 के अनुरूप मान्य होंगे. औद्योगिक क्षेत्र में मार्गों की न्यूनतम चौड़ाई 15 मीटर मान्य होगी.
12	**6.10 सामाजिक अधोसंरचना** ''सामुदायिक सेवा सुविधा के मापदण्ड सारणी 6 सा-6'' के समस्त प्रावधान.	**6.10 सामाजिक अधोसंरचना के मानक** सामाजिक अधोसंरचना के मानक म. प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 49 (1) के अनुरूप मान्य होंगे.
13	**6.15 उपयोग परिक्षेत्र में स्वीकृत उपयोग (ब) पी. एस. 1 प्रशासनिक :—** पुलिस मुख्यालय, पुलिस पोस्ट, पुलिस स्टेशन, जिला बटालियन कार्यालय, नागरिक सुरक्षा एवं नगर सैनिक, फोरेन्सिक विज्ञान प्रयोगशाला, जेल, अग्निशमन केन्द्र, आवासीय भू-खण्ड एवं समूह आवास, छात्रावास (कर्मचारियों हेतु) अतिथि गृह बैक, सुविधा, जनक दुकानें, मोटर गैरिज एवं कार्यशाला, उपहार गृह, खेल मैदान, आंतरिक खेल, स्टेडियम एवं हाल, शूटिंग रेंज, तरण, पुष्कर, आमोद-प्रमोद क्लब, चिकित्सालय, स्वास्थ्य केन्द्र, औषधालय स्वयंसेवी स्वास्थ्य सेवा नर्सरी किन्डर गार्डेन विद्यालय, एकीकृत आवासीय विद्यालय ग्रन्थालय, अग्निशमन केन्द्र, डाक एवं तारघर, मध्यम श्रेणी समाचार-पत्र प्रेस.	**6.15 उपयोग परिक्षेत्र में स्वीकृत उपयोग (ब) पी. एस. 1 प्रशासनिक :—** पुलिस मुख्यालय, पुलिस पोस्ट, पुलिस स्टेशन, जिला बटालियन कार्यालय, नागरिक सुरक्षा एवं नगर सैनिक, फोरेन्सिक विज्ञान प्रयोगशाला, जेल, अग्निशमन केन्द्र, आवश्यक कर्मचारी आवास, छात्रावास (छात्रों/कर्मचारियों/प्रशिक्षणार्थियों हेतु) अतिथि गृह बैंक, सुविधाजनक दुकानें, मोटर गैरिज एवं कार्यशाला, उपहार गृह, खेल मैदान, आंतरिक खेल स्टेडियम एवं हाल, शूटिंग रेंज, तरण, पुष्कर, आमोद-प्रमोद क्लब, पेट्रोल पंप, चिकित्सालय, स्वास्थ्य केन्द्र, औषधालय, स्वयंसेवी स्वास्थ्य सेवा, नर्सरी किन्डर गार्डन, विद्यालय, एकीकृत आवासीय विधायलय ग्रन्थालय, अग्निशमन केन्द्र, डाक एवं तारघर एवं मध्यम श्रेणी समाचार-पत्र प्रेस.
	पी. एस. 2 सामाजिक एवं सांस्कृतिक :— सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा हाल, संग्रहालय, प्रदर्शनी केन्द्र, कलावीथिका, सभागृह, ओपन एयर	**पी. एस. 2 सामाजिक एवं सांस्कृतिक :—** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा हाल, संग्रहालय, प्रदर्शनी केन्द्र, पेट्रोल पंप, कलावीथिका, सभागृह, ओपन एयर थियेटर,

(1)	(2)	(3)
	थियेटर, सामुदायिक हाल, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र आवासीय भूखण्ड समूह आवास (कर्मचारियों हेतु) छात्रावास (विद्यार्थियों हेतु) इन्डोर हाल, मनोरंजन क्लब, वैधशाला, वाचनालय, अग्निशमन केन्द्र पुलिस पोस्ट एवं डाकतार घर.	सामुदायिक हाल, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र आवश्यक आवास (कर्मचारियों हेतु) छात्रावास (विद्यार्थियों/कर्मचारियों/प्रशिक्षणार्थियों हेतु) इन्डोर हाल, मनोरंजन क्लब, वैधशाला, वाचनालय, अग्निशमन केन्द्र पुलिस पोस्ट एवं डाकतार घर.
	पी. एस. 3 शिक्षा एवं अनुसंधान :—	**पी. एस. 3 शिक्षा एवं अनुसंधान :—**
	विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट शिक्षा केन्द्र महाविद्यालय, नर्सरी एवं किंडरगार्डन विद्यालय, एकीकृत आवासीय विद्यालय, क्रेच एवं डे केयर केन्द्र, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र ग्रन्थालय, सामाजिक कल्याण केन्द्र, सभागृह ओपन एयर थियेटर, स्वास्थ्य केन्द्र, खेल मैदान, आंतरिक एवं बाह्य खेल स्टेडियम शूटिंग रेंज तरण पुष्कर, मनोरंजन क्लब जीव उद्यान, वैधशाला, वनस्पति उद्योग एवं मत्स्यालय, आवासीय भूखण्ड समूह आवास (कर्मचारियों हेतु) छात्रावास (विद्यार्थियों हेतु) अतिथिशाला, सुविधाजनक दुकानें, बैंक संग्रहालय अग्निशमन केन्द्र, पुलिस पोस्ट तथा डाकतार घर.	विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट शिक्षा केन्द्र महाविद्यालय, नर्सरी एवं किंडरगार्डन विद्यालय, एकीकृत आवासीय विद्यालय, पेट्रोल पंप, क्रेच एवं डे केयर केन्द्र, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र ग्रन्थालय, सामाजिक कल्याण केन्द्र, सभागृह ओपन एयर थियेटर, स्वास्थ्य केन्द्र, खेल मैदान, आंतरिक एवं बाह्य खेल स्टेडियम शूटिंग रेंज तरण पुष्कर, मनोरंजन क्लब जीव उद्यान, वैधशाला, वनस्पति उद्यान एवं मत्स्यालय, आवश्यक कर्मचारी आवास, छात्रावास (विद्यार्थियों /कर्मचारियों /प्रशिक्षणार्थियों हेतु) अतिथिशाला, सुविधाजनक दुकानें, बैंक संग्रहालय अग्निशमन केन्द्र, पुलिस पोस्ट तथा डाकतार घर.
	पी. एस. 4 स्वास्थ्य :—	**पी. एस. 4 स्वास्थ्य :—**
	चिकित्सालय, स्वास्थ्य केन्द्र (परिवार कल्याण केन्द्र के साथ) नर्सिंग होम, औषधालय, क्लीनिक, उपचार प्रयोगशाला, स्वयंसेवी स्वास्थ्य सेवा, वाचनालय, महाविद्यालय, (चिकित्सालय या समकक्ष) धार्मिक कार्यकलाप, आवासीय फ्लेट, एवं आवासीय भूखण्ड समूह आवास (कर्मचारियों हेतु) धर्मशाला, रात्रि विश्राम गृह, फुटकर एवं दुरस्ती दुकान (वाणिज्यिक केन्द्रों में केवल) फोरेन्सिक सांइन्स प्रयोगशाला, पुलिस पोस्ट, अग्निशमन केन्द्र एवं डाक तारघर, बैंक, अल्पाहार गृह, इन्डौर गेम हाल, आमोद प्रमोद क्लब, तरण ताल.	चिकित्सालय, स्वास्थ्य केन्द्र (परिवार कल्याण केन्द्र के साथ) नर्सिंग होम, औषधालय, क्लीनिक, उपचार प्रयोगशाला, स्वयंसेवी स्वास्थ्य सेवा, वाचनालय, महाविद्यालय, (चिकित्सालय या समकक्ष, छात्रावास सहित) धार्मिक कार्यकलाप, पेट्रोल पम्प, आवासीय फ्लेट, कर्मचारी आवास, धर्मशाला, रात्रि विश्राम गृह, फुटकर एवं दुरस्ती दुकानों (वाणिज्यिक केन्द्रों में केवल) फोरेन्सिक सांइन्स प्रयोगशाला, पुलिस पोस्ट, अग्निशमन केन्द्र एवं डाक तारघर, बैंक, अल्पाहार गृह, इन्डौर गेम हाल, आमोद प्रमोद क्लब, तरण ताल.
14.	**6.17 फार्म हाउस**	**6.17 फार्म हाउस**
	विकास योजना में प्रस्तावित विकसित क्षेत्र एवं निवेश क्षेत्र सीमा के मध्य कृषि क्षेत्र में कृषक के निजी रहवास हेतु निर्मित क्षेत्र एवं कृषि फार्म संबंधी अन्य गतिविधियां आच्छादित क्षेत्र आदि फार्म हाउस के अन्तर्गत निम्नानुसार प्रस्तावित किया जाता है इसके मापदण्ड निम्नानुसार होंगे :—	फार्म हाउस के मापदण्ड मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17 के प्रावधान अनुरूप मान्य होंगे.
1.	भूखण्ड का न्यूनतम आकार 4045 वर्ग मीटर होगा.	
2.	अधिकतम फर्शी क्षेत्र अनुपात 0.10 अनुज्ञेय होगा.	
3.	ढलुआ छत सहित संरचना (निर्माण) की अधिकतम ऊंचाई 6.5 मीटर होगी.	
4.	फार्म हाउस के भूखण्ड में न्यूनतम 200 जीवित वृक्ष प्रति 4045 वर्गमीटर, प्राधिकारी को भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु आवेदन करने के पूर्व आवेदक द्वारा वृक्षारोपण कराना होगा जिसका विकास एवं संरक्षण का दायित्व आवेदक को होगा.	
5.	फार्म हाउस केवल उसी भूमि पर अनुज्ञेय होगा जिसके लिये सार्वजनिक मार्ग (सड़क) द्वारा पहुंच उपलब्ध हो अथवा या क्षेत्र का अभिन्नयास संचालक द्वारा अनुमोदित हो.	
6.	फार्म हाउस में सभी ओर से न्यूनतम 10 मीटर खुला क्षेत्र होगा.	

(1)	(2)	(3)
	अन्य शर्तें निम्नानुसार है:—	
	अ. आवासीय/आच्छादित भवन का अग्र भाग फार्म हाउस बाड से कम से कम सेटवेंट 15 मीटर रहेगा.	
	ब. यदि फार्म हाउस पक्की सड़क पर स्थित हो तो ऐसी दशा में वाड से 22 मीटर का सेटबैट रखा जावेगा तथा ग्रामीण सड़क पर यदि फार्म हाउस हो तो ऐसी दशा में ऐसे मार्ग के मध्य से 30 मीटर जगह खुली रखी जावे.	
	स. फार्म हाउस यदि राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित हो तो राष्ट्रीय मार्ग की सीमांत रेखा से 90 मीटर तक कोई निर्माण नहीं होगा.	
	द. जिन क्षेत्रों की ढलान जलाशय, नदी, पेयजल स्त्रोत, जल संग्रह एवं जल वितरण केन्द्र की ओर हो, वहां उक्त से 5 किलो मीटर तक फार्म हाउस प्रतिबंधित रहेंगे. यही शर्त प्राकृतिक ढलानों पर स्थित भूमि के लिये भी लागू मानी जावेगी.	
	इ. फार्म हाउस के लिए पहुंच मार्ग कम से कम 13 मीटर का होगा किन्तु जहां एक ही पहुंच मार्ग, एक से अधिक फार्म हाउस के लिये उपयोग में हो तो पहुंच मार्ग की चौड़ाई कम से कम 18 मीटर होगी पहुंच मार्ग का निर्माण संयुक्त प्रशासीय हो सकता है.	
	ई. फार्म हाउस में भवन/आच्छादित क्षेत्र/मार्ग आदि की संरचना तथा आवश्यकतानुसार समन्वित योजना नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा तैयार/अनुमोदित की जावेगी.	
	फ. किसी भी कृषि भूमि का भू-स्वामी उक्त मानदंडों के अनुरूप फार्म हाउस के रूप में विकसित करने के पूर्व नगर तथा ग्राम निवेश से अनुज्ञा प्राप्त करेगा.	
15.	**6.20 विकास/निवेश अनुज्ञा प्राप्ति की प्रक्रिया** 12. म. प्र. भूमि विकास नियम, 1984 के प्रावधानों के अनुरूप विकास/निवेश अनुज्ञा शुल्क जमा करना होगा. अनुज्ञा आवेदन के साथ निर्धारित शीर्ष में जमा शुल्क का चालान सलंग्नित होना चाहिये. 14. म. प्र. भूमि विकास नियम, 1984 की धारा 49(3) में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत प्रश्नाधीन भूमि का विकास योजना में प्रावधान प्राप्त कर विकास अनुज्ञा आवेदन के साथ संलग्न करें. **टीप-2** भूमि विकास/निवेश अनुज्ञा संबंदी म. प्र. भूमि विकास नियम, 1984 के प्रावधानों को भी ध्यान में रखना चाहिए.	**6.20 विकास/निवेश अनुज्ञा प्राप्ति की प्रक्रिया** 12. म. प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के प्रावधानों के अनुरूप विकास/अनुज्ञा शुल्क जमा करना होगा. अनुज्ञा आवेदन के साथ निर्धारित शीर्ष में जमा शुल्क का चालान सलंग्नित होना चाहिये. 14. म. प्र. भूमि विकास नियम, 2012 की धारा 49(4) में प्रावधानों के अन्तर्गत प्रश्नाधीन भूमि का विकास योजना में प्रावधान प्राप्त कर विकास अनुज्ञा आवेदन के साथ संलग्नित करें. **टीप-2** भूमि का विकास/निवेश अनुज्ञा संबंधी म. प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के प्रावधानों के अनुरूप मान्य होगी.
16.	**6.21 विकास योजना के प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु प्रक्रिया (प्रस्तावित भू-उपयोग)** म. प्र. भूमि विकास नियम की धारा 49 (3) के प्रावधानों के अनुरूप विकास योजना प्रस्ताव प्राप्ति हेतु निम्न की आवश्यकता होगी :—	**6.21 विकास योजना के प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु प्रक्रिया (प्रस्तावित भू-उपयोग)** म. प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 49 (4) के प्रावधानों के अनुरूप विकास योजना प्रस्ताव प्राप्ति हेतु निम्न की आवश्यकता होगी :—

2. उपरोक्त उपांतरण पन्ना विकासयोजना 2011 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
''निर्वाचन भवन''
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश 462 011

आदेश

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2014

क्र. एफ. 67-271-10-तीन-नपा-253.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह फरवरी 2010 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् बड़ौनी, जिला दतिया** के आम निर्वाचन में **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थीं. इस नगर परिषद् के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 19 फरवरी 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 22 मार्च 2010 तक, **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पास दाखिल करना था, किन्तु संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पत्र दिनांक 27 जुलाई 2010 द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** को आयोग द्वारा कारण बताओ नोटिस दिनांक 9 सितम्बर 2010 को जारी किया गया. कारण बताओं नोटिस में **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओं नोटिस से प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. कारण बताओ नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** को कारण बताओं नोटिस दिनांक 23 अक्टूबर 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 7 नवम्बर 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला दतिया से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 17 अगस्त 2011 में प्रतिवेदित किया है कि—''आज दिनांक तक अभ्यर्थी **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है और न ही स्वयं उपस्थित होकर व्यय लेखा प्रस्तुत किया है.''

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** को दिनांक 10 जून 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** की जगह उनके पति श्री राजेन्द्र खटीक आयोग कार्यालय में उपस्थित हुए. अभ्यर्थी **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** के व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं होने के संबंध में उनके पति द्वारा समक्ष में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री कैलाशी राजेन्द्र खटीक** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, बड़ौनी, जिला दतिया** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2014

क्र. एफ. 67-271-10-तीन-नपा-254.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह फरवरी 2010 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् बड़ौनी, जिला दतिया** के आम निर्वाचन में **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर परिषद् के निर्वाचन परिणाम दिनांक 19 फरवरी 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन का परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 22 मार्च 2010 तक, **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पास दाखिल करना था, किन्तु संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पत्र दिनांक 27 जुलाई 2010 द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **अभ्यर्थी सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** को आयोग द्वारा कारण बताओ नोटिस दिनांक 9 सितम्बर 2010 को जारी किया गया. कारण बताओं नोटिस में **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओं नोटिस से प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. कारण बताओ नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** को कारण बताओं नोटिस दिनांक 10 जनवरी 2014 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 25 जनवरी 2014 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला दतिया से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 28 अप्रैल 2014 में प्रतिवेदित किया है कि—"आज दिनांक तक अभ्यर्थी **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है."

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** को दिनांक 10 जून 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** की जगह उनके पति **मोहन प्रजापति** आयोग कार्यालय में उपस्थित हुए. अभ्यर्थी **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** के व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं होने के संबंध में उनके पति द्वारा समक्ष में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री रामदेवी मोहन प्रजापति** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, बड़ौनी, जिला दतिया** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2014

क्र. एफ. 67-271-10-तीन-नपा-255.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं

या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह फरवरी 2010 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् बड़ौनी, जिला दतिया** के आम निर्वाचन में **सुश्री लली अहिरवार** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर परिषद् के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 19 फरवरी 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 22 मार्च 2010 तक, **सुश्री लली अहिरवार** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पास दाखिल करना था, किन्तु संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पत्र दिनांक 27 जुलाई 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री लली अहिरवार** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अभ्यर्थी **सुश्री लली अहिरवार** को आयोग द्वारा कारण बताओ नोटिस दिनांक 9 सितम्बर 2010 को जारी किया गया. कारण बताओं नोटिस में **सुश्री लली अहिरवार** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओं नोटिस से प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. कारण बताओ नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **सुश्री लली अहिरवार** को कारण बताओं नोटिस दिनांक 10 जनवरी 2014 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 25 जनवरी 2014 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अदिकारी जिला दतिया से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 28 अप्रैल 2014 में प्रतिवेदित किया है कि—"आज दिनांक तक अभ्यर्थी **सुश्री लली अहिरवार** द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है."

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री लली अहिरवार** को दिनांक 10 जून 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **सुश्री लली अहिरवार** की जगह उनके पति **मणीराम अहिरवार** आयोग कार्यालय में उपस्थित हुए. अभ्यर्थी **सुश्री लली अहिरवार** को व्यक्तिगत सुनवाई उपस्थित नहीं होने के संबंध में उनके पति द्वारा समक्ष में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **सुश्री लली अहिरवार** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री लली अहिरवार** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, बड़ौनी, जिला दतिया** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2014

क्र. एफ. 67-271-10-तीन-नपा-256.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह फरवरी 2010 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् बड़ौनी, जिला दतिया** के आम निर्वाचन में **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर परिषद् के निर्वाचन परिणाम दिनांक 19 फरवरी 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 22 मार्च 2010 तक, **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पास दाखिल करना था, किन्तु संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पत्र दिनांक 27 जुलाई 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अभ्यर्थी **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** को आयोग द्वारा कारण बताओ नोटिस दिनांक 9 सितम्बर 2010 को जारी किया गया. कारण बताओं नोटिस में **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओं नोटिस से प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. कारण बताओ नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** को कारण बताओं नोटिस दिनांक 23 अक्टूबर 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 7 नवम्बर 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला दतिया से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 17 अगस्त 2011 में प्रतिवेदित किया है कि—''आज दिनांक तक अभ्यर्थी **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है और न ही स्वयं उपस्थित होकर व्यय लेखा प्रस्तुत किया है.''

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** को दिनांक 10 जून 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** की जगह उनके पति **श्री बामौरिया** आयोग कार्यालय में उपस्थित हुए. अभ्यर्थी **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** को व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं होने के संबंध में उनके पति द्वारा समक्ष में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री रेखा उर्फ आशा बामौरिया** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, बड़ौनी, जिला दतिया** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 5 जुलाई 2014

क्र. एफ. 67-252-10-तीन-नपा-281.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् मनगवां, जिला रीवा** के आम निर्वाचन में **श्री लालबहादुर सिंह** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थे. नगर परिषद् मनगवां जिला रीवा के निर्वाचन परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 एवं 17 जनवरी 2010 को, सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा के पत्र क्र. 664/स्था.निर्वा./2011 दिनांक 2 सितम्बर 2011 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री लालबहादुर सिंह** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री लालबहादुर सिंह** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 14 सितम्बर 2011 को जारी किया गया. अभ्यर्थी से कारण बताओ नोटिस सूचना का जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में समस्त वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री लालबहादुर सिंह को कारण बताओं नोटिस दिनांक 30 सितम्बर 2011 को तामील कराया गया. अत: **श्री लालबहादुर सिंह** को अपना जवाब/अभ्यावेदन दिनांक 15 अक्टूबर 2011 तक प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा **श्री लालबहादुर सिंह** को कारण बताओ सूचना-पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रीवा से प्राप्त पत्र दिनांक 12 मार्च 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्री लालबहादुर सिंह** ने कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्री लालबहादुर सिंह** को दिनांक 10 जून 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया था. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए, जबकि अभ्यर्थी **श्री लालबहादुर सिंह** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 22 अप्रैल 2014 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 6 मई 2014 को कराई जा चुकी है.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी पुख्ता दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री लालबहादुर सिंह** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, मनगवां, जिला रीवा** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 7 जुलाई 2014

